Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need for doubling of railway lines in Gujarat -laid.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा): गुजरात देश का सबसे बड़ा जीडीपी वाला प्रमुख औद्योगिक राज्य है। इसके साथ ही वाइब्रेट गुजरात ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की जबरदस्त सफलता के चलते राज्य में लाखों-करोड़ों रूपये का निवेश होता है। इन सबको देखते हुए गुजरात राज्य में विभिन्न रेलवे लाइनों के दोहरीकरण की आवश्यकता है।

बंदरगाहों और उद्योगों से माल की आवाजाही के लिए बड़े हिंटरलैंड की आवश्यकता है। इसके तहत गुजरात सरकार विभिन्न संगठनों, उद्योगों, यात्री संघों से लगातार प्रतनिधित्व प्राप्त कर रही है। रेलवे लाइनों के दोहरीकरण हेतु भारत सरकार से बहुत बार पत्राचार किया गया है। लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

अतः मेरा अनुरोध है कि रेलवे मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित रेलवे लाइनों का दोहरीकरण किया जाये जिससे जनता तथा उद्योगों को सुविधा प्राप्त हो सके।

1. मेहसाणा - पालनपुर
2. राजकोट- वेरावल
3. राजकोट – ओखा